पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

नववर्ष पर राज्यपाल से मुख्यमंत्री की भेंट

लखनऊः 01 जनवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव ने राजभवन में भेंट की तथा पुष्पगुच्छ देकर नववर्ष की हार्दिक बधाई दी।

आज यहाँ राजभवन में राजनैतिक पेंशन मंत्री, श्री राजेन्द्र चैधरी, सांसद श्री प्रमोद तिवारी, लोकायुक्त, श्री एन0के0 मेहरोत्रा, प्रदेश के मुख्य सचिव, श्री आलोक रंजन, प्रमुख सचिव सूचना, श्री नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव नियोजन, श्री देवेश चतुर्वेदी, मध्य कमान के प्रमुख ले0 जनरल राजन बख्शी सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव व सचिव स्तर के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, विश्वविद्यालयों के कुलपति, संस्थानों के निदेशक, पत्रकार, अनेक कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी, छात्र-छात्रायें तथा गणमान्य नागरिकों आदि ने राज्यपाल से मिलकर उन्हें नववर्ष की बधाई दी।

श्री नाईक ने सभी आगुन्तकों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें नये साल की बधाई देते हुए प्रदेश एवं देश के विकास में योगदान देने का आहवान किया।

इससे पूर्व राज्यपाल ने राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट की तथा उन्हें व उनके परिजनों को नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल, सुश्री जूथिका पाटणकर तथा सचिव श्री राज्यपाल, श्री चन्द्र प्रकाश भी उपस्थित थे।

Chief Minister, Mr. Akhilesh Yadav with Minister, Shri Rajendra Chaudhary greet Governor UP, Mr. Ram Naik

Chief Secretary Uttar Pradesh, Shri Alok Ranjan greeting Governor UP, Mr. Ram Naik on New Year's Day

Chairman, Board of Revenue, Shri Javed Usmani greeting Governor UP, Mr. Ram Naik on New Year's Day

GOC-in-C, Lt. Gen. Rajan Bakshi greeting Governor UP, Mr. Ram Naik on New Year's Day

Principal Secretary, Information, Shri Navneet Sehgal greeting Governor UP, Mr. Ram Naik on New Year's Day